**(GCF-19, GCF-20, VCF-4, SCF-6 & SCF-7)**

**DATE: 18.02.2020** **MAXIMUM MARKS: 100** **TIMING: 2 Hours**

## ECONOMICS AND COMMERCIAL KNOWLEDGE

**All Questions is compulsory.**

(1) अर्थशास्त्र में सीमितता है :–
- (a) निरपेक्ष अवधारणा
- (b) सापेक्ष अवधारणा
- (c) अनुपयोगी अवधारणा
- (d) अवधारणा ही नहीं है।

(2) जब किसी समस्या के समाधान के लिए दो या दो से अधिक समाधान के तरीके उपलब्ध हो, तब उनमें से किसी एक सही समाधान को चुनने की प्रक्रिया है :–
- (a) समस्या का समाधान
- (b) निर्णय प्रक्रिया
- (c) आर्थिक विश्लेषण
- (d) प्रबन्धकीय योग्यता

(3) व्यवसायिक अर्थशास्त्र अपनी पहुॅच में प्रगतिशील होता है जिसका अर्थ है यह नहीं होता है :–
- (a) व्यवहारिक (Practical)
- (b) वास्तविक (Realistic)
- (c) भावात्मक (Abstract)
- (d) उपरोक्त सभी

(4) व्यवसायिक अर्थशास्त्र अधिक केन्द्रीकृत होता है :–
- (a) आदर्शमूलक ज्ञान पर
- (b) वास्तविक ज्ञान पर
- (c) अधिक आदर्शमूलक परन्तु कम वास्तविक
- (d) अधिक वास्तविक परन्तु कम आदर्शमूलक

(5) सूक्ष्म अर्थशास्त्र अध्ययन करता है :–
- (a) मुद्रा का बाहरी मूल्य
- (b) रोजगार
- (c) बचत और विनियोग
- (d) उपभोक्ता का व्यवहार

(6) निम्न में से कौनसा सीमान्त उपयोगिता ह्रास नियम की मान्यता है :–
- (a) पूर्ण प्रतियोगिता
- (b) लगातार उपभोग
- (c) मांग की स्थिरता
- (d) उपयोगिता की क्रमवाचक विचारधारा

(7) उपभोक्ता साम्य की अवस्था में होता है, जब –
- (a) सीमान्त उपयोगिता = मूल्य
- (b) सीमान्त उपयोगिता = शून्य
- (c) सीमान्त उपयोगिता = ऋणात्मक
- (d) सीमान्त उपयोगिता = मात्रा

(8) उपभोक्ता की बचत का क्षेत्र होता है :–
- (a) मांग वक्र से नीचे तथा मूल्य से उपर
- (b) पूर्ति वक्र से उपर तथा मूल्य से नीचे
- (c) मांग वक्र से उपर तथा मूल्य से नीचे
- (d) पूर्ति वक्र से नीचे तथा मूल्य से उपर

(9) कीमत रेखा के अन्दर स्थित बिन्दू दर्शाता है :–
- (a) उपभोक्ता द्वारा अधिक खर्च
- (b) उपभोक्ता द्वारा क्षमता से कम खर्च
- (c) उपभोक्ता द्वारा सम्पूर्ण आय को खर्च करना
- (d) उपरोक्त सभी।

(10) निम्न में से कौनसा उदासीनता वक्र पर आधारित उपभोक्ता के सन्तुलन की मान्यता नहीं है :–
- (a) यहां पर एक उदासीनता मानचित्र है, जो कि उपयोगिता के विभिन्न स्तरों को दर्शाता है।
- (b) उपभोक्ता की आय स्थिर है।
- (c) वस्तु की कीमत स्थिर है।
- (d) इस विश्लेषण में केवल एक ही वस्तु की अवधारणा पर विचार किया जाता है।

(11) क्रय शक्ति का अर्थ है :–
- (a) किसी वस्तु को खरीदने की इच्छा
- (b) किसी वस्तु को खरीदने की अनिवार्यता
- (c) किसी वस्तु को खरीदने की क्षमता
- (d) किसी वस्तु की उपयोगिता

(12) अतिअल्पकाल में कौनसा घटक मूल्य स्तर को सर्वाधिक प्रभावित करता है :–
- (a) मांग
- (b) पूर्ति
- (c) लागत
- (d) उत्पादन

(13) जब एक उपभोक्ता किसी वस्तु को उसकी प्रतिष्ठा की वजह से पसन्द करता है या खरीदना चाहता है, तो वह कहलाता है :–
- (a) प्रतिस्थापन्न प्रभाव
- (b) प्रदर्शन प्रभाव
- (c) आय प्रभाव
- (d) उपरोक्त सभी।

(14) प्रतिस्थापन्न प्रभाव किसी घटक में परिवर्तन के कारण उत्पन्न होता है :–
- (a) उपभोक्ता की आय
- (b) वस्तु की कीमत
- (c) वस्तुओं का सापेक्षिक मूल्य
- (d) उपरोक्त सभी।

(15) सामान्य परिस्थितियों में यदि सरकार किसी वस्तु पर कर की दर बढ़ा देती है, तो वस्तु की मांग अल्पकाल में :–

(a) बढ़ेगी
(b) घटेगी
(c) अपरिवर्तित रहेगी
(d) कर का वस्तु की मांग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा

(16) पूर्ति में विस्तार वह स्थिती होती है जब विक्रेता पूर्ति करना चाहते हैं –

(a) बढ़ी हुई कीमत पर ज्यादा मात्रा
(b) कराधान में वृद्धि के कारण ज्यादा मात्रा
(c) समान कीमत पर ज्यादा मात्रा
(d) घटी हुई कीमत पर ज्यादा मात्रा

(17) निम्न में से कौनसा पैमाने की बचतों का उदाहरण है :–

(a) जैसे ही कम्प्यूटर उद्योग का विस्तार होता है, तो कम्प्यूटर संचालकों की मांग बढ़ती है, जिससे उनका वेतन भी बढ़ जाता है।
(b) फर्मो को अपने राज्य की ओर आकर्षित करने के लिए सरकार द्वारा करों में कमी कर देना ताकि फर्मो की लाभदायकता बढ़ सकें।
(c) कम्प्यूटर की मांग बढ़ जाने से उसकी कीमत का घट जाना।
(d) इनमें से कोई नहीं।

(18) निम्न में से कौनसा कथन सत्य है ?

(a) पैमाने के ह्रासमान प्रतिफल तथा उत्पत्ति ह्रास नियम एक ही नियम को समझाने के दो तरीके है।
(b) पैमाने के वर्द्धमान प्रतिफल अल्पकालीन सिद्धान्त है, जबकि उत्पत्ति ह्रास नियम दीर्घकालीन सिद्धान्त है।
(c) पैमाने के समान प्रतिफल अल्पकालीन सिद्धान्त है, जबकि पैमाने के वर्द्धमान दीर्घकालीन सिद्धान्त है।
(d) इनमें से कोई नहीं।

(19) अवसर लागत है :–

(a) किसी वस्तु को खरीदने का अतिरिक्त लाभ।
(b) निर्णय प्रक्रिया में हम जिनका त्याग करते है।
(c) उद्यमी द्वारा साधनों को किया गया भुगतान।
(d) भविष्य में उत्पादन करने के लिए भूतकाल में किया गया भुगतान।

(20) एक विद्यार्थी के लिए अवसर लागत है :–

(a) कोर्स की फीस तथा किराया
(b) बैंक से लिया गया लोन
(c) एक विद्यार्थी पढ़ने के स्थान पर नौकरी करके जो धन कमा सकता था।
(d) विद्यार्थी जो स्नातक के बाद कमा सकता है।

(21) 4 इकाई की कुल लागत ज्ञात कीजिए।

| Units | Total Cost (Rs.) | Marginal Cost (Rs.) |
|---|---|---|
| 2 | 80 | 40 |
| 4 | – | 30 |

(a) 140
(b) 120
(c) 50
(d) 40

(22) एकाधिकार बाजार में सीमान्त आगम सदैव ________
- (a) मूल्य और औसत आगम से अधिक होती है।
- (b) मूल्य के पास समान होती है।
- (c) कभी मूल्य से अधिक तथा कभी कम होती है।
- (d) मूल्य और औसत आगम से कम होती है।

(23) यदि दो वस्तुओं की आड़ी लोच शून्य हो, तो वे वस्तुऐ है :–
- (a) पूर्णतया पूरक वस्तुऐं
- (b) पूर्णतया स्थानापन्न वस्तुऐं
- (c) असम्बन्धित वस्तुऐं
- (d) कुछ भी कहा नहीं जा सकता।

**निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िये तथा प्रश्न 24–26 के उत्तर दिजिए।**

आलिया का अपना एक छोटा मृद्भांड कारखाना है। वह प्रति वर्ष मृद्भांड के 1,000 पीस बना सकती है तथा उन्हें प्रत्येक 500 रू. में बेचती हैं। मृद्भांड के 1,000 पीस के उत्पादन के लिए आलिया की कच्चे माल की लागत 35,000 रू. आती हैं। उसने अपने कारखाने व उपकरण में 2,00,000 रू. अपनी बचतों से 1,50,000 रू. तथा 10 प्रतिशत ब्याज पर उधार लेकर 50,000 रू. लगाये हैं (मान लीजिए कि वह 20 प्रतिशत पर अपने धन को उधार भी दे सकती थी)। आलिया प्रति वर्ष 80,000 रू. पर प्रतियोगी मृद्भांड कारखाने में कार्य कर सकती हैं।

(24) आलिया के मृद्भांड कारखाने में लेखांकन लाभ है–
- (a) 3,00,000 रू.
- (b) 4,60,000 रू.
- (c) 3,80,000 रू.
- (d) 3,75,000 रू.

(25) आलिया के कारखाने में आर्थिक लाभ है–
- (a) 3,50,000 रू.
- (b) 2,50,000 रू.
- (c) 2,30,000 रू.
- (d) 2,40,000 रू.

(26) आलिया के मृद्भांड कारखाने में अंर्तमुखी लागत है–
- (a) 30,000 रू.
- (b) 50,000 रू.
- (c) 80,000 रू.
- (d) 75,000 रू.

**तालिका में दिये गये सुमित के उत्पादन आँकड़ों पर विचार कीजिये। प्रश्न 27-29 तक प्रश्नों के उत्तर देने के लिए तालिका 1 का उपयोगी कीजिये।**

| श्रमिकों की संख्या | कुल उत्पाद |
|---|---|
| 1 | 10 |
| 2 | 22 |
| 3 | 31 |
| 4 | 40 |
| 5 | 47 |
| 6 | 52 |
| 7 | 56 |
| 8 | 58 |

| | |
|---|---|
| 9 | 60 |
| 10 | 61 |

(27) कल्पना कीजिए सुमित को अपने श्रमिकों को 20 रू. प्रति घंटा भुगतान करना होता हैं, तथा आगें कल्पना कीजिए किसी भी हालत में कोई अन्य उत्पादन लागतें नहीं है। 5 वें श्रमिक का सीमान्त उत्पाद क्या है?
(a) 12
(b) 9
(c) 7
(d) 8

(28) तालिका 1 में, जब 40 इकाइयाँ उत्पादित की जाती हैं, सुमित की औसत कुल लागत हैः
(a) 2 रू.
(b) 80 रू.
(c) 5 रू.
(d) 20 रू.

(29) तालिका 1 के आँकड़ों का उपयोग करके हम जानमें है कि उत्पाद की 52वीं इकाई की सन्निकट सीमान्त लागत हैं–
(a) 0.25 रू.
(b) 1.25 रू.
(c) 2.50 रू.
(d) 4.00 रू.

(30) चाय एंव कॉफी के बीच माँग की आडी लोच है–
(a) धनात्मक
(b) ऋणात्मक
(c) शून्य
(d) अनन्त

(31) यदि केले की कीमत 8रू से बढाकर 10रू प्रतिदर्जन हो गई ओर पूर्ति 80 दर्जन से 100 दर्जन तक की गई तो पूर्ति की लोच होगी।
(a) .70
(b) –.67
(c) -1
(d) 1

(32) किसी भी वस्तु की माँगी गयी मात्रा में विस्तार तथा संकुचन परिणाम है :–
(a) वस्तु के मूल्य में परिवर्तन
(b) वस्तु के गुणवत्ता में परिवर्तन
(c) सस्ते प्रतिस्थापनों की उपलब्धता के कारण
(d) उपभोक्ता की आय में वृद्धि के कारण

(33) गणनावाचक विचारधारा को कहाँ जाता हैं।
(a) उदासीनता वक्र विश्लेषण
(b) हिक्स तथा ऐलन विचारधारा
(c) सीमान्त उपयोगिता विश्लेषण
(d) उपरोक्त सभी

(34) निम्न में से कौनसा सिद्धान्त यह व्याख्या करता है कि जैसे जैसे उपभोक्ता किसी वस्तु का निरन्तर उपभोग करता हैं हर अतिरिक्त इकाई के उपभोग के साथ वस्तु से प्राप्त उपयोगिता घटती चली जाती हैं।
- (a) सम–सीमान्त उपयोगिता नियम
- (b) क्रमवाचक उपयोगिता का नियम
- (c) सीमान्त उपयोगिता का नियम
- (d) सीमान्त उपयोगिता ह्रास नियम

(35) उपभोक्ता साम्य में............................और सीमान्त उपयोगिता के बराबर होने पर होता हैं।
- (a) वस्तु की मांग
- (b) वस्तु की पूर्ति
- (c) वस्तु का मूल्य
- (d) उपरोक्त सभी

(36) तटस्थता वक्र विश्लेषण की मान्यता नही है।
- (a) तटस्थता वक्र बॉयी ओर ऋणात्मक ढाल वाली होती है।
- (b) तटस्थता वक्र मूल बिन्दू की ओर अधोगामी ढाल के होते है।
- (c) तटस्थता वक्र आपस में एक दूसरे को नही काटते।
- (d) एक उच्च तटस्थता वक्र निम्न तटस्था वक्र की तुलना में अधिक संतुष्टि बताता है।

(37) फर्म के उत्पादन का कुशलत्तम स्तर होता है, जहाँ :–
- (a) TR = TC हो
- (b) MR = MC हो
- (c) MC और AC न्यूनतम हो
- (d) AC न्यूनतम हो

(38) ह्रासमान सीमान्त प्रतिफल से आशय है–
- (a) ह्रासमान औसत परिवर्तनशील लागतें
- (b) ह्रासमान सीमान्त लागतें
- (c) ह्रासमान सीमान्त उत्पाद
- (d) ह्रासमान औसत स्थिर लागतें

(39) _________उत्पादन की अस्पष्ट लागत है।
- (a) उद्यमी की अवसर लागत
- (b) विद्युत व्यय
- (c) स्वयं की भूमि का लगान
- (d) (a) व (c) दोनों

(40) यदि एक वस्तु की मांग की लोच पूर्णतः बेलोचदार हो तो निम्न में से कौन सा कथन असत्य है–
- (a) वह वस्तु अत्यंत आवश्यक होनी चाहिए जिसे खरीदा गया है
- (b) उस वस्तु के कई स्थानापन्न होने चाहिए
- (c) उस वस्तु को उसकी कीमत में वृद्धि के कारण न खरीदा गया हो।
- (d) उस वस्तु की मांग की लोच 0 के बराबर होनी चाहिए।

(41) वह अर्थशास्त्री जिसने कॉब–डगलस उत्पादन फलन दिया था, वो_________था।
- (a) जापानी
- (b) जर्मन
- (c) ब्रिटिश
- (d) अमेरिकन

(42) मूल्य नेतृत्व अल्पाधिकार के किस प्रकार में पाया जाता है?
(a) पूर्ण अल्पाधिकार
(b) आंशिक अल्पाधिकार
(c) सिंडीकेट अल्पाधिकार
(d) संगठित अल्पाधिकार

(43) पूर्ण प्रतियोगिता बाजार के अन्तर्गत पूर्ति वक्र होता है–
(a) औसत लागत वक्र
(b) औसत परिवर्तनशील लागत वक्र
(c) सीमान्त लागत वक्र
(d) औसत आगम वक्र

(44) जब माँग और पूर्ति दोनों में समान अनुपातिक कमी हो, तब साम्य मूल्य_________होगा।
(a) स्थिर
(b) बढ़ेगा
(c) गिरेगा
(d) इनमें से कोई नहीं।

(45) पूर्ण प्रतियोगिता के अन्तर्गत फर्म का मांग वक्र होता है–
(a) क्षैतिज रेखा, एक्स अक्ष के समानान्तर
(b) लम्बवत रेखा, वाई अक्ष के समानान्तर
(c) ऋणात्मक ढाल
(d) मोडदार

(46) जब एक संयुक्त आर्थिक गतिविधि बढ़ रही हो, तो अर्थव्यवस्था को......................बताया जाता है।
(a) विस्तार में
(b) सिकुडाव में
(c) चरम पर
(d) टर्निंग पॉइन्ट

(47) The LAC वक्र
(a) गिरता है जब LMC वक्र गिरता है।
(b) उठता है जब LMC वक्र उठता है।
(c) LMC वक्र के निचले से निचले बिन्दु के माध्यम से गुजरता है।
(d) गिरता है जब LMC< LAC तथ बढ़ता है जब LMC>LAC

(48) उपभोक्ता वस्तु की अतिरिक्त इकाइयाँ क्रय करना रोक देता है जब–
(a) जहॉ सीमान्त उपयोगिता घटना शुरू होती है
(b) जहॉ सीमान्त उपयोगिता शून्य होती है
(c) जहॉ सीमान्त उपयोगिता उसके मूल्य के बराबर होती है
(d) जहॉ कुल उपयोगिता बढ़ती है

(49) आय प्रभाव के अन्तर्गत, उपभोक्ता
(a) मौलिक उदासीनता वक्र के साथ गतिशील होता है।
(b) अपेक्षाकृत ऊँची या नीची उदासीनता वक्र के प्रति गतिशील होता है।
(c) सदैव दोनों वस्तुओं की अपेक्षाकृत अधिक मात्रा का क्रय करता है।
(d) उपरोक्त में कोई नहीं।

(50) एक पूर्ण प्रतियोगी फर्म का......................पर नियंत्रण होता है।
(a) मूल्य
(b) उत्पादन तथा साथ ही मूल्य
(c) उत्पादन मूल्य तथा उपभोक्तागण
(d) उपरोक्त में कोई नहीं

(51) एकाधिकार में एक औद्योगिक फर्म का सामना कर रही माँग वक्र होती है–
(a) क्षैतिज सरल रेखा
(b) अनिर्धारणीय (Indeterminate)
(c) अधोगामी ढलुँवा
(d) उर्ध्वगामी ढलुँवा

(52) मूल्य विभेद सम्भव नहीं होता–
(a) एकाधिकारी स्थिति में
(b) किसी बाजार फर्म के अन्तर्गत
(c) एकाधिकारी प्रतियोगी में
(d) पूर्ण प्रतियोगी के अन्तर्गत

(53) एकाधिकार की दशा में–
(a) MR वक्र परिभाषित नहीं की जा सकती है।
(b) AR वक्र को परिभाषित नहीं किया जा सकता है।
(c) अल्पकालीन पूर्ति वक्र परिभाषित नहीं किया जा सकता है।
(d) उपरोक्त में कोई नहीं।

**एक प्रतियोगिता फर्म अपने उत्पाद की उतनी अधिक मात्रा बेचती है जो यह रु100 प्रति इकाई के बाजार मूल्य पर चयन करती है। इसकी स्थिर लागत रु 300 है तथा उसकी परिवर्तनीय लागत (रुपयों में) उत्पादन के विभिन्न स्तरों के लिए निम्नलिखित तालिका में दिखाई गई है। प्रश्न 54–57 का उत्तर देने के लिए तालिका 1 का प्रयोग करें।**

| मात्रा | परिवर्तनीय लागत | स्थिर लागत | कुल लागत | औसत परिवर्तनीय लागत | औसत कुल लागत | सीमान्त लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 0 | | | | | |
| 5 | 270 | | | | | |
| 10 | 490 | | | | | |
| 15 | 720 | | | | | |
| 20 | 1000 | | | | | |
| 25 | 1370 | | | | | |
| 30 | 1870 | | | | | |
| 35 | 2540 | | | | | |
| 40 | 3420 | | | | | |
| 45 | 4550 | | | | | |
| 50 | 5970 | | | | | |

(54) जब उत्पादन 35 इकाइयाँ है तो औसत परिवर्तनीय लागत है–
(a) रु 7.25
(b) रु 72.25
(c) रु 72.57
(d) रु 85.50

(55) तालिका मे सीमान्त लागत प्रति इकाई जो उत्पादन की 25 इकाइयों के तत्सम्बद्ध हो, होती हैं–
(a) रु 3.50
(b) रु 74
(c) रु 450
(d) रु 370

(56) उत्पादन की अधिकतम करने के लिए फर्म को .......................... उत्पादन करना चाहिये।
(a) 30
(b) 35
(c) 45
(d) 50

(57) यदि बाजार मूल्य रु 100 से गिरकर रु 74 हो जायें तो फर्म का अल्पकालीन प्रत्युत्र होना चाहिए–
(a) मूल्य में गिरावट से पूर्व जितनी ही संख्या में इकाइयों का उत्पादन जारी रखा जाये।
(b) 10 इकाइयों का उत्पादन
(c) 20 इकाइयों का उत्पादन
(d) 25 इकाइयों का उत्पाद

(58) अल्पाधिकार का मुड़े हुए माँग वक्र मॉडल मान्यता लेता है कि–
(a) मूल्य वृद्धि के प्रति (उपभोक्ताओं का) प्रत्युत्तर मूल्य की कमी के प्रति प्रत्युत्तर की अपेक्षा कम होता है।
(b) मूल्ल वृद्धि के प्रति (उपभोक्ताओं का) प्रत्युत्तर मूल्य की कमी के प्रति प्रत्युत्तर की अपेक्षा अधिक होता है।
(c) माँग की लोच सतत रहती है बिना यह देखे कि क्या मूल्य बढ़ता है या घटता है।
(d) माँग की लोच पूर्णतः लोचदार रहती है यदि मूल्य बढ़ता है तथा पूर्णतः बेलोच रहती है यदि मूल्य घटता है।

(59) दुर्लभता का नियम (The Law of Scarcity)–
(a) समृद्ध विकसित देशों पर लागू नहीं होता।
(b) केवल कम विकसित देशों पर लागू होता है।
(c) बोध होता है। कि एक समाजवादी प्रणाली में उपभोक्ताओं की आवश्यकताएँ संतुष्ट हो जायेगी।
(d) बोध होता है कि उपभोक्ताओं की आवश्यकताएँ कभी भी पूर्णतः संतुष्ट नहीं होगी।

(60) उत्पादक एक बिन्दु पर साम्य में होते है जहाँ सम लागत रेखा....................होती है।
(a) समोत्पत्ति वक्र के ऊपर समोत्पत्ति वक्र
(b) समोत्पत्ति वक्र के नीचे
(c) समोत्पत्ति वक्र को काटती हुई
(d) समोत्पत्ति वक्र के प्रति स्पर्शी

(61) हितों का बदलाव सम्भव है :–
(a) व्यवसाय
(b) पेशा
(c) रोजगार
(d) इनमें से कोई नहीं।

(62) रोजगार का मनोवैज्ञानिक उद्देश्य क्या है ?
- (a) समाज की सेवा
- (b) आजीविका कमाना
- (c) लाभ कमाना
- (d) अपनी क्षमता को दर्शाना

(63) साझेदारी का क्या लाभ है ?
- (a) तुरन्त निर्णय
- (b) अधिक पूंजी
- (c) व्यक्तिगत हित
- (d) उपरोक्त सभी।

(64) किस व्यवसाय में सर्वाधिक निजी हित होता है ?
- (a) हिन्दू अविभाजित परिवार (HUF)
- (b) साझेदारी
- (c) एकल स्वामित्व
- (d) सीमित दायित्व साझेदारी (LLP)

(65) गैर–कॉर्पोरेट व्यवसाय में शामिल है :–
- (a) एकल स्वामित्व, हिन्दू अविभाजित परिवार तथा साझेदारी
- (b) हिन्दू अविभाजित परिवार, ट्रस्ट तथा सीमित दायित्व साझेदारी LLP
- (c) साझेदारी सीमित दायित्व साझेदारी तथा निजी कम्पनी
- (d) एकल स्वामित्व, सीमित दायित्व साझेदारी तथा साझेदारी

(66) अविभाजित परिवार की लगातार ________ पीढ़ियां एक व्यवसाय में होने पर, वह हिन्दू अविभाजित परिवार व्यवसाय कहलाता है।
- (a) 2
- (b) 3
- (c) 4
- (d) 5

(67) भुगतान को बिना अंजाम दिये किसी लेन–देन को एक निपटान अवधि से अगली अवधि तक ले जाना कहलाता है :–
- (a) मन्देड़िये बाजार
- (b) आधार मूल्य
- (c) बदला
- (d) बजट

(68) प्रमुख कपड़ा निर्माता कम्पनी विमल किस वर्ष में प्रारम्भ हुई थी ?
- (a) 1975
- (b) 1965
- (c) 1985
- (d) 1986

(69) संचित संचयों से विद्यमान अंशों के अनुपात में किया गया अंशों का मुफ्त आवंटन कहलाता है :–
- (a) बोण्ड
- (b) बोनस
- (c) बिड
- (d) ऑफर

(70) यह एक प्रकार का ऋण है, जिसके पीछे किसी भौतिक सम्पदा की गारन्टी नहीं होती है–
(a) बोण्ड
(b) ऋणपत्र
(c) वचन पत्र
(d) इनमें से कोई नहीं

(71) किसी उत्पाद की वित्तीय अभिव्यक्ति कहलाती है –
(a) मूल्य
(b) लागत
(c) व्यय
(d) इनमें से कोई नहीं

(72) एक हस्ताक्षर किया हुआ दस्तावेज जो किसी अनुमोदन को दर्शाता है, कहलाता है :–
(a) स्वीकार (Acceptance)
(b) नियम (Terms)
(c) शर्ते (Condition)
(d) इनमें से कोई नहीं

(73) Price Sensitivity of the market (व्यापार की कीमत संवेदनशीलता) व्यष्टि पर्यावरण के कौनसे भाग का प्रमुख साधन है।
(a) पूर्तिकर्ता
(b) व्यापार
(c) मध्यस्थ
(d) उपभोक्ता

(74) व्यवसाय व तकनीकी है
(a) अर्न्तसम्बन्धित
(b) अर्न्तर्निभर
(c) (a) व (b) दोनों
(d) उपरोक्त में से कोई नही

(75) विप्रो लिमिटेड किस उद्योग श्रेणी के अर्न्तगत आती है
(a) दवाई व औषधिया
(b) अनेक क्षेत्रों में कार्यरत
(c) मिडिया
(d) सूचना व प्रौद्योगिकी

(76) मेरा ग्राहक सर्वप्रथम यह किस बैंक का दृष्टिकोण है
(a) SBI
(b) Axis
(c) HDFC
(d) BOB

(77) निम्न मे से कौनसा कथन एक सार्वजनिक नीति को इगिंत करता है:
(a) केन्द्रीय सरकार द्वारा कारो का बेडा खरीदने का निर्णय
(b) नगर निगम द्वारा एक पुरानी बिल्डिंग को गिराना
(c) सभी नागरिकों को आधार कार्ड उपलब्ध करवाना
(d) सरकार द्वारा किसी पार्क का नाम बदलना

(78) वार्षिक वित्तीय व्यय, कर, प्रशुल्क तथा सेना पर खर्च का निर्णय किसके अर्न्तगत आता है।
- (a) नीतियां
- (b) बजट
- (c) लक्ष्य निर्धारण
- (d) दीर्घकालिन नियोजन प्रक्रिया

(79) सेबी के खिलाफ प्रथम अपील कहॉ की जा सकती है
- (a) उच्च न्यायालय
- (b) सर्वोच्च न्यायालय
- (c) सिक्योरिटी–अपील ट्रिब्यूनल
- (d) भारतीय रिजर्व बैंक

(80) बोली किसका विलोम शब्द है।
- (a) Ask/offer
- (b) Call
- (c) Equity
- (d) उपरोक्त में से कोई नही

(81) बहुराष्ट्रीय कंपनियों को अपने परिचालन को उन राष्ट्रों की––––––––के अनुसार संरेखित करना पड़ता है, जहां से वे काम करते हैं–
- (a) सरकार की नीति
- (b) सार्वजनिक नीति
- (c) व्यापार नीति
- (d) बाजार नीति

(82) गैब्रियल आलमंड ने एक के विचार को लोकप्रिय बनाया
- (a) राजनीतिक संस्कृति
- (b) सामाजिक संस्कृति
- (c) राजनीति–नीति संबंध
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(83) वह प्रक्रिया जिसके द्वारा एक विधायी प्रस्ताव को एक कानून बनाने वाली संस्था के समक्ष लाया जाता है और फिर भूमि के कानून में अनुवादित किया जाता है–
- (a) पॉलिसी प्रारूपण
- (b) कानून बनाना
- (c) कानून पेश करना
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(84) एक विदेशी प्रत्यक्ष निवेशक कौन नहीं हो सकता है?
- (a) सरकारें या सरकारी एजेंसियां,
- (b) संपदा, ट्रस्ट या अन्य संगठन,
- (c) असिंचित निजी या सार्वजनिक उद्यम
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(85) निम्नलिखित में से कौन सा कथन FPI के बारे में सही नहीं है–
- (a) प्रकृति में सट्टा
- (b) जिस देश में निवेश होता है, वहां के आउटपुट, रोजगार, वेतन स्तर आदि में वृद्धि
- (c) प्रबंधन या नियंत्रण में कोई रुचि नहीं
- (d) नाममात्र की पूंजी में निवेश का गठन

(86) वर्ष में एकल खुदरा बिक्री में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति थी:
- (a) 2012
- (b) 2010
- (c) 1999
- (d) 1997

(87) आर.बी.आई. के संबंध मे कौनसा कथन असत्य है–
- (a) यह सरकार व बैंको के लिए कार्य करता है
- (b) यह देश में मौद्रिक स्थिरता और देश में कीमत स्थिरता को बनाऐ रखता है
- (c) इसका एक उद्देश्य देश में अंशधारकों के हितो की रक्षा करना है
- (d) भारतीय रिजर्व बैंक देश में मुद्रा निर्गमित करने वाली प्रमुख

(88) बडी संस्था में स्वयं सहायता समूह ऋण सेवा के साथ जुडे है जो की भारत में सूक्ष्म ऋण के प्रमुख स्त्रोत के रूप में व्यर्थ कर रहे है। यह किसकी देन है–
- (a) नाबार्ड
- (b) सिडबी
- (c) आई.डी.बी.आई
- (d) सेबी

(89) निम्न में से कौनसा कथन असत्य है–
- (a) सेबी में एक चैयरमैन होता है जो की केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है
- (b) सेबी में दो सदस्य केन्द्रीय सरकार के मंत्रालय मे से नियुक्त किए जाते है।
- (c) सेबी में एक सदस्य आर.बी.आई. द्वारा अपने ही कर्मचारियों मे से एक नियुक्त किया जाता है।
- (d) सेबी में पॉच अन्य सदस्य नियुक्त किये जाते है जिनमे से 4 सदस्य पूर्णकालिक सदस्य होते है जिसे केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है।

(90) निम्न में से कौनसा कार्य भारतीय प्रतियोगिता आयोग का नहीं है
- (a) ऐसे कार्यो को प्रोत्साहित करना जो भारत में प्रतियोगिताको हानि पहुचाते हो
- (b) बाजारों में प्रतियोगिता को बढावा देना
- (c) उपभोक्ता के हितो की रक्षा करना
- (d) व्यापार की स्वतंत्रता को बनाये रखना

(91) व्यवसाय बनाने वाले उत्पादों और उत्पादों का संग्रह कहा जाता है
- (a) व्यापार विविधता
- (b) कंसोर्टियम
- (c) बिजनेस पोर्टफोलियो
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(92) स्वामित्व शब्द किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह को ____________ के उद्देश्य से संपत्ति या संपत्ति के लिए कानूनी शीर्षक प्राप्त करने के अधिकार को संदर्भित करता है।
(a) मुनाफा कमाना
(b) माल बेचना
(c) व्यवसाय चलाना
(d) समाज की सेवा करना

(93) ब्याज की दरें जिन्हें ऋणदाता द्वारा अनुबंध में बदला जा सकता है, कहा जाता है
(a) बैंक दर
(b) प्रशासित दरें
(c) जमा ब्याज
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(94) ब्याज, शेयर सूचकांक और बाजार दरों जैसे वित्तीय मापदंडों में बदलाव को कहा जाता है
(a) जनगणना
(b) सूचकांक
(c) बेसिस पॉइंट
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(95) कभी–कभी बैंक द्वारा आवश्यक माध्यमिक सुरक्षा और ऋण दायित्व पर उधारकर्ता के प्रदर्शन की गारंटी देने का इरादा कहा जाता है
(a) संपार्श्विक सुरक्षा
(b) जमा का प्रमाण पत्र
(c) जमा पर्ची
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(96) एक बैंक द्वारा जारी किया गया एक दस्तावेज (खरीदार या आयातक की ओर से), अपने ग्राहक द्वारा माल की खरीद के लिए एक तृतीय पक्ष (विक्रेता या निर्यातक), एक विशिष्ट राशि का भुगतान करने की अपनी प्रतिबद्धता बताते हुए, जो खरीदार कहा जाता है
(a) प्रॉमिसरी नोट
(b) लेटर ऑफ क्रेडिट
(c) चेक
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(97) सीमित देयता भागीदारी अधिनियम, 2008 अधिसूचना ___________ के माध्यम से प्रभावी हो गया।
(a) 31st March 2009
(b) 31st March 2010
(c) 31st March 2008
(d) 31st March 2011

(98) पॉइंट ऑफ कॉन्टैक्ट (POC) बिजनेस फैसिलिटेटर्स का एक उदाहरण
(a) परिवहन एजेंसी
(b) व्यापार इनक्यूबेटर
(c) बैंक
(d) बीमा कंपनी

(99) _______ की दर जिस पर बैंक सरकारी प्रतिभूतियों को भारतीय रिजर्व बैंक को बेचने या बेचने के लिए RBI से धन लेते हैं।
(a) मांग दर
(b) ब्याज दर
(c) रेपो रेट
(d) रिवर्स रेपो रेट

(100) बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा है –
(a) 39%
(b) 49%
(c) 29%
(d) 59%

***